दिनांकः 19.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

जयपुर में आज से पहला एशियाई प्रशांत पोस्टल लीडर फोरम का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिन तक चलने वाले इस फोरम का आयोजन यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन–यूपीयू और डाक विभाग की ओर से किया गया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में डाक विभाग की सचिव वंदिता कौल उपस्थित रहीं। इस महत्वपूर्ण आयोजन में एशिया–प्रशांत क्षेत्र के 28 देशों के डाक अधिकारी, विशेषज्ञ और डाक मंत्रालयों के सदस्य भाग ले रहे हैं। फोरम का विषय, "डाक नेटवर्क को मजबूत करना" है। उद्घाटन के बाद मीडिया से बातचीत में सुश्री कोल ने बताया कि इस फोरम का उद्देश्य एक दूसरे के अनुभवों से सीखना है। भारतीय डाक संघ के अधिकारी ठाकुर सुभाष सिंह ने बताया कि इस दौरान कुल छह सत्र आयोजित होंगे। तीसरे दिन भारतीय डाक विभाग की ओर से किये जा रहे कार्यों के बारे में व्यवहारिक जानकारी के लिए फील्ड विजिट होगी।

000

भारतवंशी अन्तरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स नौ महीने से अधिक समय अंतरिक्ष में बिताने के बाद आज सुबह धरती पर सुरक्षित लौट आईं। उनके साथ सहयात्री बुच विल्मोर भी सकुशल लौट आए। अमरीका में फ्लोरिडा में स्पेस एक्स के कैप्सूल, यान ने तड़के सफल लैंडिंग की। 5 जून 2024 को 8 दिन के लिए अन्तरिक्ष मिशन पर निकली सुनिता विलियम्स और उनके साथी यान में तकनीकी खराबी की वजह से 286 दिन से अन्तरिक्ष स्टेशन पर फंसे हुए थे। उनकी सकुशल वापसी के लिए नासा ने विशेष अभियान चलाया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रू 9 मिशन की पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम करने वालों को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा थी।

000

आज केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ का स्थापना दिवस है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर सीआरपीएफ जवानों को शुभकामनाएं दीं हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि ये वो दिन है, जब 1950 में बल को राष्ट्रपति ध्वज से सम्मानित किया गया था। उन्होने कहा कि सीआरपीएफ की वीरता और बलिदान देशभक्तों की पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

000

विश्व उपभोक्ता अधिकार सप्ताह के तहत प्रदेशभर इन दिनों विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। भरतपुर कलेक्ट्रेट सभागार में आज खाद्य पदार्थों में मिलावट परीक्षण और विधिक प्रावधान विषय पर संभाग स्तरीय संगोष्ठी रखी गई। इस दौरान विशेषज्ञों ने उपभोक्ताओं के अधिकारों के बारे में जानकारी दी और मिलावट पकड़ने का प्रशिक्षण दिया गया।

000

केन्द्र की एमनेस्टी योजना के तहत जीएसटी का बकाया चुकाने पर दी जा रही राहत को लेकर झुंझुनूं के उद्यमियों में उत्साह का माहौल है। जिले का व्यापारी वर्ग अपने बकाया टैक्स को जमा कराने के लिए आगे आ रहा है। जीएसटी के संयुक्त आयुक्त उमेश जालान ने बताया कि एमनेस्टी योजना के तहत 2017 से 2020 तक लगाई गई पैनल्टी और ब्याज दोनों में शत–प्रतिशत छूट दी गई है।

000

जयपुर के भांकरोटा में पिछले दिनों हुए अग्निकांड के पीड़ितों की मदद करने वालों को राज्य सरकार की ओर से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना के तहत कल जयपुर में आयोजित समारोह में 23 योद्धाओं का सम्मान किया गया।

000

एक नए कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में कल कहीं–कहीं फिर से बादल छाए रहने और उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं बारिश और तेज हवाओं के चलने के आसार हैं। विभाग ने बताया कि 21 मार्च से अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहेगा। इसके बाद तापमान में बढोतरी का अंदेशा है। इस बीच, बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे ज्यादा 37 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गया।

000

खेलो इंडिया पैरा गेम्स – 2025 के लिए थीम गीत, शुभंकर और लोगो लॉन्च किया गया है। खेलो इंडिया पैरा गेम्स कल से 27 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित होंगे। इस अवसर पर युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि खेलो इंडिया पहल ने एथलीटों को एक उल्लेखनीय मंच प्रदान किया है, जिससे वैश्विक स्तर पर देश की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उन्होंने पैरा इंडिया गेम्स के प्रतिभागियों को शुभकामनाएं भी दीं। श्री मांडविया ने कहा कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स में 1300 से अधिक एथलीट भाग लेंगे।

000